पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

Website : www.shekhauni.ac.in
E-mail : reg.shekhauni@gmail.com, ce.pdsusikar@gmail.com

क्रमांक : 25397 दिनांक : 27/08/24

कार्यालय आदेश/सार्वजनिक सूचना

विद्यार्थी संगठनों अथवा अन्य किसी के धरना प्रदर्शन हेतु स्थान निर्धारण

प्रायः देखने में आता है कि विभिन्न विद्यार्थी संगठन विद्यार्थी हीतों के मध्य नजर विभिन्न मांगो को लेकर या तो ज्ञापन सोंपते अथवा सन्तुष्ट न होने की स्थिति में धरना प्रदर्शन करते है लोकतान्त्रिक ढंग से धरना प्रदर्शन करना अथवा अपनी मांगो को प्रस्तुत करना जायज है परन्तु उससे विश्वविद्यालय का अनुशासन, कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्य, अध्ययन अध्यापन का कार्य कदापि प्रभावित नहीं होना चाहिए। स्पष्ट निर्देश के अभाव में विद्यार्थी अथवा विद्यार्थी संगठन प्रतिनिधि अपनी मर्जी से परिसर में कहीं भी धरना प्रदर्शन करते है जिससे अनुशासन और कार्य व्यवस्था प्रभावित होती है।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि लोकतान्त्रिक ढंग से धरना प्रदर्शन करने की स्थिति आने की दशा में विद्यार्थियों/विद्यार्थी प्रतिनिधि/पदाधिकारी अथवा अन्य कोई विश्वविद्यालय परिसर में शहीद स्मारक से पश्चिम दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा चिन्हित स्थान पर ही यथा समय विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर धरना प्रदर्शन कर सकते हैं।

सभी सम्बन्धितों को निर्देशित किया जाता है कि इसकी पालना न करना विश्वविद्यालय के अनुशासन का उल्लघंन माना जायेगा।

कुलसचिव